संघ लोक सेवा आयोग

आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में उक्त परीक्षा के पेपर में पूछे गए प्रश्नों के संदर्भ में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु उम्मीदवारों के लिए समय सीमा

ऑनलाइन प्रश्नपत्र अभ्यावेदन पोर्टल (क्यूपीआरईपी)

(i) प्रत्येक परीक्षा के लिए, उक्त परीक्षा के पेपर में पूछे गए प्रश्नों के संदर्भ में उम्मीदवारों द्वारा आयोग को अभ्यावेदन भेजने के लिए 7 दिन (1 सप्ताह) अर्थात परीक्षा की तारीख के अगले दिन से सातवें दिन सायं 6:00 बजे तक की समय सीमा निर्धारित की गई है।

(ii) एक दिवसीय परीक्षाओं के मामले में, उदाहरणत: यदि परीक्षा 1 मार्च को आयोजित की गई है, तब 2 मार्च से 8 मार्च तक (सायं 6:00 बजे तक) अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

(iii) बहु-दिवसीय परीक्षाओं के लिए, जिस दिन उक्त परीक्षा के अंतिम पेपर की परीक्षा आयोजित की गई हो, सभी पेपरों में पूछे गए प्रश्नों के संदर्भ में उस तारीख को अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु गणना की तारीख माना जाएगा। उदाहरणत:, यदि किसी बहु-दिवसीय परीक्षा के अंतिम पेपर की परीक्षा 1 जुलाई को आयोजित की गई है, जबकि उक्त परीक्षा के प्रथम पेपर की परीक्षा 29 जून को आयोजित की गई थी, तब उम्मीदवार 2 जुलाई से 8 जुलाई (सायं 6:00 बजे) तक उक्त परीक्षा के सभी पेपरों के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

(iv) ऐसे अभ्यावेदन केवल **"ऑनलाइन प्रश्नपत्र अभ्यावेदन पोर्टल (क्यूपीआरईपी)"** के द्वारा ही निम्नलिखित यूआरएल के माध्यम से प्रस्तुत किए जाने चाहिए:
http://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/

(v) ई-मेल/ डाक/ दस्ती तौर पर अथवा किसी अन्य माध्यम से कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आयोग इस संदर्भ में उम्मीदवारों से किसी प्रकार का कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा।

(vi) 7 दिन की इस अवधि के समाप्त हो जाने के उपरांत किसी भी परिस्थिति में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आयोग इस संदर्भ में उम्मीदवारों से किसी प्रकार का कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा।

(vii) अभ्यावेदन की प्रस्तुति हेतु उपर्युक्त पोर्टल परीक्षा समाप्त हो जाने के अगले दिन से उपलब्ध रहेगा।